# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से शुरु, 24 दिसंबर तक चलने वाले सत्र में विभिन्न विभागों की अनुपूरक मांगों समेत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में होगी विशेष चर्चा।
2. इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कोडीन सिरप कांड के आरोपियों से जुड़ी 30 याचिकाओं को किया खारिज, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा राज्य स्तरीय एसआईटी कर रही है मामले की जांच ।
3. मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर में लगभग 138 करोड़ रुपए की लागत से रेल ओवरब्रिज का किया लोकार्पण– कहा विरासत और विकास के समन्वय से प्रदेश को मिली नई पहचान ।

और

4. प्रदेश में ठंड और कोहरे के प्रकोप से जनजीवन प्रभावित, हवाई और रेल यातायात पर असर, मौसम विभाग ने 40 से ज्यादा जिलों के लिए घने कोहरे और शीत दिवस का जारी किया रेड अलर्ट ।

---

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से शुरु हो गया। सत्र के पहले दिन वर्तमान विधानसभा के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य सुधाकर सिंह के निधन पर नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय सहित दलीय नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सदन की कार्यवाही सोमवार को ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। विधानपरिषद में समाजवादी पार्टी ने शिक्षा संबंधी मामला उठाया। सरकार की ओर से बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने समाजवादी पार्टी के आरोपों का सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षा को नया आयाम देने की दिशा में काम कर रही है। विधान परिषद की कार्यवाही भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानमंडल सत्र 24 दिसंबर तक चलेगा। सत्र शुरु होने से पहले एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश के विकास से संबंधित विधायी कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा तथा विभिन्न विभागों की अनुपूरक मांगों पर भी चर्चा होगी।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण चर्चा आयोजित की जाएगी

बाइट———

*उत्तर प्रदेश की जनता के हित में और उत्तर प्रदेश के विकास से जुड़े हुए तमाम अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने विधायक कार्यों को आगे बढ़ाने और विभिन्न विभागों में जो नई मद है उनके लिए सप्लीमेंट्री डिमांड्स के लिए भी यह शीतकालीन सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इस अवसर पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एक महत्वपूर्ण चर्चा और वंदे मातरम गीत के रचयिता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी एक अवसर उत्तर प्रदेश देश विधानमंडल के सामने होगा।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा कराने का पूरी तरह तैयार है। विधानसभा सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों के सहयोग की अपेक्षा करती है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह सत्र उत्तर प्रदेश विधानमंडल और राज्य के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

———————

कोडीन मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एक पत्रकार वार्ता में कहा कि कोडीन फॉस्फेट एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत आने वाली एक औषधि है। इसका उपयोग कोडीन–युक्त कफ सिरप के निर्माण मं किया जाता है, जो गंभीर खांसी के उपचार में प्रयुक्त होता है। उन्होंने बताया कि यह कफ सिरप कई स्थानों पर नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग किया जा रहा था। अवैध तस्करी की शिकायतें मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निगरानी एक राज्य–स्तरीय एसआईटी कर रही है,

बाइट———

*यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा एफएसडीए, यूपी पुलिस और एसटीएफ इनके द्वारा प्रारंभ की गई है, जिसमें अब तक हम लोग काफी बड़े पैमाने पर इसके अवैध तस्करी के प्रकरण को पकड़े हैं और इसमें व्यापक गिरफ्तारियां भी हुई हैं। इस पूरे मामले में भी उसकी संलिप्तता आएगी क्योंकि एसआईटी एक राज्य स्तर की एसआईटी इस पूरे मामले की निगरानी कर रही है।*

**उधर इलाहाबाद हाईकार्ट ने आज कोडीन–आधारित कफ सिरप के अवैध भंडारण और वितरण से जुड़े मामलों में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग वाली 30 याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अचल सचदेव की खंडपीठ ने पारित किया। याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने पक्ष रखा। सरकारी पक्ष के वकील ने बताया कि जांच एजेंसियां अपनी कार्रवाई जारी रख सकती हैं।**

बाइट———

*अपर महाधिवक्ता श्री अनूप त्रिवेदी साहब ने सरकार का पक्ष रखा। उत्तर प्रदेश सरकार का जो पक्ष था, उत्तर प्रदेश सरकार का यह कहना था कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट में विभिन्न औषधि स्टॉकिस्ट को हमने लाइसेंस दिया था लेकिन वह लगातार इसका दुरुपयोग कर रहे थे जो कि नारकोटिक्स की पर भी मिलवाता था क्योंकि जो फेंसिडिल सीरिया पर उसमें जो एक नारकोटिक्स सब्सटेंस था ओडीन जो कि नारकोटिक्स के अंतर्गत आता था। जिसमे माननीय न्यायालय ने इस बात पर गंभीरता से विचार करते हुए सभी पिटीशनों को आज निरस्त कर दिया।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में करीब 138 करोड़ रुपए की लागत से लखनऊ–गोरखपुर रेल मार्ग के डोमिनगढ़ एवं गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे कॉसिंग–162ए पर रेल ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों और वंचितों के हित के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विरासत और विकास के समन्वय से उत्तर प्रदेश को नई पहचान मिलीहै।

बाइट–––

*हर गरीब को राशन की सुविधा का लाभ प्राप्त हो, हर गरीब को उपचार की सुविधा प्राप्त हो, हर गरीब के घर में रसोई गैस का चूल्हा हो, हर एक नागरिक को बिना भेदभाव के बिजली की सुविधा उपलब्ध हो, तब हो पाया जब डबल इंजन की सरकार ने सामूहिक प्रयास से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। आज उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट नहीं है। उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर अपनी एक नई आभा के साथ अपने आप को एक नई पहचान दे रहा है। विकास और विरासत का बेहतरीन केंद्र केंद्र बना है।*

–––––––––––

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

संसद ने विपक्ष के विरोध के बीच विकसित भारत रोज़गार और आजीविका मिशन गारंटी(ग्रामीण) जी राम जी विधेयक,2025 ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्यसभा ने कल रात इसे मंजूरी दी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजुजू ने बताया किविधेयक से हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिन का रोजगार मिलेगा।

बाइट———

*जी रामजी बिल लेकर आया। इसमें 125 दिन का रोजगार गारंटी, करप्शन को रोकने के लिए व्यवस्था, टेक्नोलॉजी के माध्यम से ट्रांसपेरेंसी और साथ–साथ में क्वालिटी काम होगा भी ग्रामीण इलाकों में। इतना बड़ा काम जो मोदी सरकार ने जो किया है, पार्लियामेंट ने जो पारित किया है, जी रामजी बिल ग्रामीण भारत को क्रांतिकारी तरीके से बदलने का यह बिल है।*

—————————

प्रदेश में ठंड और कोहरे का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। कोहरे के चलते विमान और रेल यातायात पर भी असर पड़ा है। नागर विमानन मंत्रालय ने यात्रियों को कोहरे के कारण उड़ानों में होने वाली समस्याओं के लिए हवाई अड्डों और आधिकारिक प्लेटफॉर्मों से नवीनतम जानकारी लेते रहने की सलाह दी है। रेलवे के अनुसार लगभग 60

रेलगाडियां पाँच घंटे विलम्ब से चल रही हैं। यात्रियों को यात्रा से पहले जानकारी लेने की सलाह दी गई है। प्रदेश में भीषण शीतलहर एवं घने कोहरे की चेतावनी के मद्देनजर राहत आयुक्त कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से आमजन को एसएमएस के माध्यम से खराब मौसम की चेतावनी भेजी जा रही है। राहत आयुक्त डा0 हृषिकेश भास्कर याशोद ने नागरिकों से अपील की है कि सरकार द्वारा ठण्ड एवं शीतलहरी से बचाव के संबंध में जारी गाइडलाइन का अनुपालन करना सुनिश्चित करें। मौसम विभाग ने प्रदेश के 40 से ज्यादा जिलों में कल सुबह तक के लिए घने कोहरे और शीत दिवस का रेड अलर्ट जारी किया है। लखनऊ मौसम केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर भारत से होकर गुजर रही उष्ण कटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम की वजह से विभिन्न जनपदों में घना कोहरा दर्ज किया गया।

बाइट———

*देश के कई हिस्सों में आगामी 24 से 48 घंटों के दौरान घना से अत्यंत घना को रचाए रहने तथा शीत दिवस की स्थितियां बनी रहने की संभावना है। तदुपरांत आगामी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में बढ़ोतरी होने तथा कोहरे के घनत्व में कमी आने की संभावना है। इन परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रदेश के कुछ जिलों को कल तक के लिए यानी कि 20 दिसंबर तक के लिए ऑरेंज अलर्ट और कुछ जिलों को रेड अलर्ट पर रखा गया है।*

——————————